2016 (A)

Roll No. of Candidate : ..............................

# HINDI ( NLH-SIL )

Total Questions : 19 ] [ Total Printed Pages : 15

Time : 3 Hrs. 15 Minutes ] [ Full Marks : 100

BiharboardQuestionpaper.com

**परीक्षार्थी के लिये निर्देश :**

***Instructions to the candidate :***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें ।

   *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

COPYRIGHT RESERVED





2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं ।

   *Figures in the right hand margin indicate full marks.*

3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

   *All questions are compulsory.*

4. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द-सीमा का ध्यान रखें ।

   *While answering the candidate should adhere to the word limit as far as practicable.*

5. इस प्रश्नपत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

   *15 minutes of extra time have been allotted for candidates to read the questions.*



BiharboardQuestionpaper.com

**सूचना :** किसी भी प्रश्न के सभी खण्डों का उत्तर एक ही जगह लिखें।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. (अ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखें : 6 × 2 = 12

एक चींटी और पंडुक दोस्त थे । चींटी पेड़ के नीचे रहती थी । पंडुक पेड़ पर रहता था । एक बार एक शिकारी उस जगह पर आया, उसने पंडुक को देखा । उसने उसे मारना चाहा इसलिए उसने बंदूक से निशाना साधा, वह गोली चलाने के लिए तैयार था । चींटी ने सब कुछ देख लिया । वह ऊपर आई फिर उसने शिकारी के पैर में काटा । शिकारी कूद पड़ा । उसका निशाना चूक गया । वह पंडुक को मार नहीं सका । पंडुक उड़ गया ।

(i) पंडुक के दोस्त कौन थे ?





(ii) पंडुक कहाँ रहता था ?

(iii) शिकारी किसे मारना चाहा ?

(iv) चींटी ने किसे काटा ?

(v) शिकारी का निशाना क्यों चूका ?

(vi) क्या शिकारी ने पंडुक को मारा ?

(ब) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दें : 4 × 2 = 8

पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधान मंत्री थे । उनका जन्म 14 नवम्बर, 1889 को हुआ था । उनके पिता का नाम मोतीलाल नेहरू था । उनकी शिक्षा विदेशों में हुई थी । श्रीमती इंदिरा गाँधी उनकी एकलौती पुत्री थी । उनकी मृत्यु 27 मई, 1964 को हुई ।

(i) भारत के प्रधान मंत्री कौन थे ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) उनका जन्म कब हुआ था ?

(iii) उनकी पुत्री का क्या नाम था ?

(iv) उनकी मृत्यु कब हुई ?

2. दिये गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) **मेरा दैनिक जीवन**

संकेत बिन्दु :

(i) भूमिका

(ii) दैनिक कार्यों का वर्णन

(iii) उपसंहार ।





(ख) **भारत में जाड़े की ऋतु**

संकेत बिन्दु :

(i) भूमिका

(ii) वर्णन

(iii) असुविधाएँ

(iv) उपसंहार ।

(ग) **स्वतंत्रता दिवस**

संकेत बिन्दु :

(i) परिचय

(ii) महत्व

(iii) उपसंहार ।



BiharboardQuestionpaper.com

3. विद्यालय के छात्रावास में स्थान के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें । 5

**अथवा**

अपने वर्ग शिक्षक के विषय में बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखें ।

4. निम्नांकित का संधि विच्छेद करें : 5 × 1 = 5

(क) महेश

(ख) मनोज

(ग) चित्रालय

(घ) चन्द्रोदय

(ङ) गजेन्द्र ।





5. निम्न के पर्यायवाची शब्द लिखें : 5 × 1 = 5

(क) प्रजातंत्र

(ख) फूल

(ग) पंकज

(घ) गृह

(ङ) भ्राता ।

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिये गये शब्दों से चुनकर करें : 5 × 1 = 5

(क) मोनू की लिखावट उतनी ...................... नहीं है । ( अच्छी / अच्छा )



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) दुष्टों से ........................ नहीं करनी चाहिए ।

( मित्र / मित्रता )

(ग) पंडित जी पालथी मारकर ........................ पर बैठ गए । ( आसन / असम )

(घ) मुझे उस गरीब को देखकर ........................ आ गई । ( दया / कृपा )

(ङ) 'च' वर्ण का उच्चारण स्थान ........................ है ।

( तालु / कंठ )





7. स्तम्भ 'अ' एवं स्तम्भ 'ब' को सही क्रम में लिखकर मिलान करें : 6 × 1 = 6

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|
| (क) कर्मवीर | (i) कामता प्रसाद सिंह 'काम' |
| (ख) हुंडरू का जल प्रपात | (ii) रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| (ग) ठेस | (iii) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध |
| (घ) खुशबू रचते हैं हाथ | (iv) प०पु०वि०स० |
| (ङ) हौसले की उड़ान | (v) फणीश्वर नाथ 'रेणु' |
| (च) ईर्ष्या तू न गई मेरे मन से | (vi) अरुण कमल । |



BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 8-17 तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए ।

8. मेला जाने से पहले हामिद दादी से क्या कहता है ? 3

9. पुत्रवधु द्वारा पुत्र को मुखाग्नि दिलवाना भगत के व्यक्तित्व की किस विशेषता को दर्शाता है ? 3

10. ईर्ष्या को अनोखा वरदान क्यों कहा गया है ? 3

11. विक्रमशिला के प्रांगण में कितने विद्यालय विद्यमान थे एवं इस प्रांगण में छात्र कैसे प्रवेश पाते थे ? 3





12. 4 जनवरी, 97 को संजु ने अपनी डायरी में क्या लिखा ? 3

13. आप अपने को कर्मवीर कैसे साबित कर सकते हैं ? 3

14. "हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में" उपर्युक्त पंक्ति में 'वीरता' और 'वैभव' का संकेत किस-किस की ओर है ? 3

15. सिरचन के सौगात को किसने खोला, वह कैसा था ? 3

16. खेमा द्वारा चप्पल की माँग करने पर कसारा ने क्या जवाब दिया ? 3



BiharboardQuestionpaper.com

17. मैट्रिक के बाद उच्च शिक्षा के लिए उन्हें कहाँ और किस प्रकार जाना पड़ता था ? 3

18. निम्नांकित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जब होटल पर चाय पीने वाले इक्के दुक्के लोग रह गए तब खेमा ने अपने सेठ कसारा से कहा "मेरे पैर जलते हैं, चप्पल ला दो काका ...............।" अभी रख दूँगा चप्पले सिर पर, चल अपना काम कर, बड़ा आया चप्पल पहनने वाला ।

(i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत हैं ? 1





(ii) इस पाठ के लेखक कौन हैं ? 1

(iii) गद्यांश के आधार पर होटल मालिक के स्वभाव का चित्र अपने शब्दों में प्रस्तुत करें । 3

(iv) इनके अर्थ लिखें – पायदान, क्षणिक । 2

19. निम्नांकित दोहे को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें :

बड़े न हूजे गुनन विनु, विरद बड़ाई पाच ।
कहत धतूरे सो कनक, गहनो गढ़यो न जाय ।।

(i) प्रस्तुत दोहा किस पाठ से उद्धृत है ? 1



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) इस दोहे के रचनाकार कौन हैं ? 1

(iii) दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखें । 3

(iv) 'वृथा' शब्द के दो अर्थ लिखें । 2

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..